भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 784

जिसका उत्तर शुक्रवार, 7 फरवरी, 2025/18 माघ, 1946 (शक) को दिया जाना है।

**एनएफएल रोपड़ में स्टाफिंग और भर्ती**

**784. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेर:**

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल), रोपड़ के लिए संस्वीकृत पदों की कुल संख्या कितनी है;

(ख) वर्तमान में कितने नियमित कर्मचारी कार्यरत हैं और कितने पद रिक्त पड़े हैं;

(ग) संविदा के आधार पर नियोजित कर्मचारियों की संख्या कितनी है और उनके कार्य की प्रकृति क्या है;

(घ) रिक्त पदों को भरने के लिए सरकार अथवा एनएफएल द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ड.) क्या स्थानीय आबादी से उम्मीदवारों की भर्ती को प्राथमिकता देने के लिए कोई नीति या पहल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(च) क्या एनएफएल, रोपड़ में कार्य करने के लिए उम्मीदवारों को तैयार करने हेतु कोई विशिष्ट कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है अथवा इस हेतु स्थानीय संस्थानों के साथ सहयोग किया जा रहा है?

**<u>उत्तर</u>**

**रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

---

**(क):** नेशनल फटलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल), रोपड़ में स्वीकृत पदों की कुल संख्या 738 है।

**(ख):** एनएफएल रोपड़ में दिनांक 01.02.2025 की स्थिति के अनुसार नियमित कर्मचारियों की कुल संख्या 730 है और कुल रिक्त पद 08 हैं।

**(ग):** वर्तमान में, विभिन्न संविदाकारों के माध्यम से संविदा आधार पर 640 कामगार नियोजित हैं। उनके काम संयंत्र का रखरखाव करना/संयंत्र की मरम्मत करना/सामग्री को संभालना/आंतरिक सुरक्षा/अस्पताल से संबंधित काम में सहायता करना है।

**(घ):** भर्ती एक सतत प्रक्रिया है और रिक्तियों को भरने के लिए पर्याप्त कदम उठाए गए हैं।

**(ड.):** एनएफएल, रोपड़ में समूह ग और घ स्तर के पदों की रिक्तियों को, पंजाब राज्य के लिए लागू आरक्षण रोस्टर के आधार पर भरा जाता है। स्थानीय लोगों को शामिल करने हेतु इन रिक्तियों की रिपोर्ट स्थानीय रोजगार कार्यालय को भी भेजी जाती है। केन्द्रीय रोजगार कार्यालय को रिक्तियों की सूचना देने और व्यापक प्रचार के लिए इम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में विज्ञापनों के प्रकाशन के साथ-साथ, रिक्तियों को श्रम और रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय आजीविका सेवा (एनसीएस) पोर्टल पर भी अपलोड किया जाता है।

**(च):** एनएफएल रोपड़ और आईटीआई नांगल के बीच एक समझौता ज्ञापन है जिसमें आईटीआई छात्रों को उनके रोजगार कौशल को बढ़ाने के लिए युवाओं के कौशल विकास हेतु 3 महीने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

******